हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 17 जून 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 बेलहारी में माहेश्वरी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा...



13 गायत्री जयंती व गंगा दशहरा पर डौंडीलोहारा में हुए विविध..





# नौतपा के बाद भी गर्मी व उमस से राहत नहीं, पौधे भी झुलस रहे

## 44 से 37 तक लुढ़का तापमान, फिर भी परेशानी नहीं हो रही कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में नौतपा खत्म होने के बाद लोगों ने उम्मीद लगाई थी की गर्मी का असर कम होगा, लेकिन नौतपा खत्म होने के बावजूद उमस भरी गर्मी का असर कम नहीं हो रहा है। हालांकि नौतपा खत्म होने के बाद से अलग अलग क्षेत्रों में हल्की बारिश व आंधी तूफान का असर देखने को मिल रहा है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण आमजन उमस भरी गर्मी से परेशान है। आसमान में हल्के काले बादल आने से मौसम परिवर्तन होने के साथ ही तापमान में हल्की गिरावट नजर आ रही है। जिला मुख्यालय का तापमान नौतपा के दिनों में 44 डिग्री पहुंच चुका था, वहीं रविवार का





तापमान 37 डिग्री तक लुढ़क गया है। वहीं, आसमान में रोजाना बादल छाने से तेज धूप में कमी आयी है और तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। रात का तापमान पहले से कम दर्ज की जा रही है और रात में ठंडी हवाओं का चलना भी आरम्भ है, इसलिए रात में गर्मी का एहसास कम हो गया है। वहीं बारिश नहीं होने के कारण जंगल में लगे पेड़ पौधे झुलस चुके हैं, जो बारिश नहीं होने के कारण मुरझाने की कगार पर हैं। यदि समय रहते बारिश नहीं हुई तो जंगलों में लगे छोटे पेड़ पौधे पानी की कमी के कारण मर सकते है, क्योंकि छोटे पेड़ पौधों के पत्ते गर्मी व पानी की कमी के कारण सूखने लगे हैं।

### गोबर खाद डालने का कार्य अंतिम दौर पर, अब बारिश की प्रतीक्षा

जिले के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम परिवर्तन के साथ बारिश हो रही है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होती, जिसके कारण लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। बारिश नहीं होने के कारण कृषि कार्यों पर असर पड़ रहा है और किसान खेती के कार्यों में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। किसान ऐनु राम साहू ने बताया कि बारिश होने के बाद खेती के कार्यों में तेजी आएगी, क्योंकि किसानों के द्वारा खेतों की साफ सफाई के साथ ही गोबर खाद डालने का काम अंतिम दौर पर है, अब किसान वर्ग के लोग खेतों की जोताई का इंतजार कर रहे हैं, जो पर्याप्त बारिश होने के बाद ही संभव है, बारिश होने के साथ ही धान की बोवाई का कार्य भी शुरू होगा। वहीं, कई किसान बोर वेल के माध्यम से रोपा के लिए नर्सरी तैयार कर धान की बोवाई कर रहे हैं, जिससे बरसात के दिनों में पर्याप्त समय में धान का रोपा लगाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सूने घर के सेप्टिक टैंक में मिली लाश

**भिलाई।** दुर्ग के ग्राम खुरसुल में बांध के पास एक सुनसान घर के सेप्टिक टैंक में शनिवार को एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी है। मृतक युवक कौन है, और कहां का है। इसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को ग्राम खुरसुल के बांधा के पास भिलाई निवासी केदार कुमार पात्रो जिनका 2.5 एकड़ खेत है ,जिसपर स्टोर रूम के उपयोग के लिए बनाए 2 मंजिला घर के सेप्टिक टैंक पर युवतियों को एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना नगपुरा चौकी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया मृतक की उम्र करीब 28 से 30 वर्ष लग रही है,, शव को मरचुरी में रख रखा गया है पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### पत्नी की हत्या कर खुद भी लगाई फांसी

**भिलाई।** उतई थाना अंतर्गत ग्राम खोपली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के हेंगल बंजारे ने अपनी पत्नी दशोदा की बेरहमी से हत्या कर दी। हेंगल और दशोदा का अक्सर विवाद हुआ करता था। पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि दशोदा अपने पति के चरित्र पर संदेह करती थी। आने-जाने में टोका-टाकी किया करती थी। इस बात को लेकर अक्सर दोनों में झगड़ा हुआ करता था। घटना की रात भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर झगड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है। पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम की है। हेंगल अपनी पत्नी दशोदा के साथ शाम 6 बजे के करीब खेत गया था। दोनों रात में वापस नहीं लौटे। रात में घर के लोग उन्हें खोजते हुए खेत पहुंचे तो देखा कि स्टोर रूम का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने दीवार पर बने एक होल से अदर देखा तो हेंगल फंदे पर लटका था ।

### लापरवाही : जलस्तर गिरने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित सभी तीन बोर सूखे

# गर्मीभर बोर से पानी लेता रहा ठेकेदार अब अस्पताल स्वयं टैंकर के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों जल संकट गहरा गया है। तीन बोर में एक बोर में शुरु से ही पानी कम था, जिसके कारण दो बोर के भरोसे पानी की सप्लाई की जा रही थी। लेकिन, अब दोनों बोर भी फेल हो चुके हैं। जलस्तर गिरने से दोनों बोर बंद हो गए हैं। इस कारण अब नगर पंचायत द्वारा टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है।

टैंकर के पानी को पंप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित टंकी में चढ़ाया जाता है। दिन में 3 से 4 टैंकर पानी की सप्लाई की जा रही है। स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों के साथ उनके परिजन भी पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में अस्पताल में लगे कूलर में पानी नहीं होने के कारण कूलर भी गर्म हवा दे रहा है। अस्पताल में पानी की किल्लत होने के कारण जहां प्रबंधन लोगों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है, ऐसे में कूलर के लिए क्या ही उम्मीद की जा सकती है। इसके कारण मरीज व उसके परिजन पंखे व सूखे कूलर की गर्म हवा के सहारे ही भीषम गर्मी में रहने को मजबूर हैं।


लगातार पानी लेने से गिर रहा जलस्तर
हमर लैब भवन निर्माण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पंप से लिया जा रहा पानी
स्टीमेट में पानी के लिए प्रावधान

### लैब में एसी नहीं अब कूलर भी बंद, परिणाम पर असर की आशंका

इस समस्या से स्वास्थ्य केन्द्र में कार्य कर रहे कर्मचारियों को भी दो-चार होना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति लैब की है। यहां एसी भी नहीं है। कूलर के सहारे ही लैब को ठंडा रखा जा रहा था। लेकिन, अब कूलर के लिए पानी नहीं होने के कारण ठंडकता की स्थिति नहीं बन पा रही है। इससे लैब का कार्य व उसका परिणाम प्रभावित होने की भी आशंका है।

**तीन बोर में से एक में पहले से ही कम आता था पानी**

**दो बोर से होती थी पानी की सप्लाई, अब उनमें भी नहीं आ रहा पानी**



### हरिभूमि ने खबर प्रकाशन कर किया था सचेत, जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान

बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहे निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा अस्पताल के बोर से पानी लिया जा रहा था, जबकि उसे स्वयं से पानी की व्यवस्था करनी थी। कुछ दिन पूर्व हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था और अधिकारी कर्मचारियों को इसके बारे में सचेत भी किया था, लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। वहीं, जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी या मौन स्वीकृति के कारण ठेकेदार ने अस्पताल के बोर से भवन निर्माण के लिए पानी लेना जारी रखा। अब हरिभूमि द्वारा जताई गई आशंका सही साबित हो गई और अस्पताल में तीन-तीन बोर होने के बाद भी जलस्तर नीचे चले जाने के कारण खुद पानी के लिए टैंकर पर निर्भर होना पड़ रहा है।

# तंत्र-मंत्र से रकम 20 गुना करने का लालच देकर पांच लाख ठगे, 3 आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/अर्जुन्दा

■ प्रार्थी की रिपोर्ट पर अर्जुंदा पुलिस ने की कार्रवाई

तंत्र-मंत्र के माध्यम से रुपए को करोड़ों में बदलकर लाभ पहुंचाने का लालच देकर एक किसान से करीब पांच लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में एक बैगा और उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ अर्जुन्दा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं, अर्जुन्दा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धोखाधड़ी के तीनों आरोपियों को चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।

अर्जुन्दा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिरीद निवासी खेती किसानी का कार्य करने वाले नरेंद्र कुमार हिरवानी ने अर्जुन्दा थाना में रिपोर्ट लिखाई कि ग्राम कांदुल के रविन्द्र कुमार, महावीर मण्डावी ▶▶ शेष पेज 13 पर

### चमत्कार देख लालच में आ गया किसान

प्रार्थी ने बताया कि बैगा पुनाराम रात में रविन्द्र कुमार के घर के बाड़ी में पूजा पाठ व मंत्रोच्चारण करने लगा। उसने मुझसे 5001 रुपए मांगे। कुछ दूरी पर काला कपड़ा बिछाया था, जिस पर उन रूपयों को रख दिया। बैगा पुनाराम ने कहा कि जहां पर काला कपड़ा बिछा है, जाकर देखो। जब वहां जाकर देखा, तो वहां 8000 रुपये था। इससे किसान नरेंद्र को विश्वास हो गया। ▶▶ शेष पेज 13 पर

### चार दिन बाद नोट बनाकर देने की बात कहकर ले गए लाखों रुपए

प्रार्थी नरेंद्र ने बताया कि 4 लाख 50 हजार रुपए देने के बाद उसी रात को मंत्रोच्चारण करके 6000 रुपए दे दिए। उसके बाद बैगा ने कहा कि आज इतना ही नोट बनेगा, दो चार दिन बाद मंत्रोच्चार करके नोट बनाएंगे। ऐसा कहकर वे वहां से चले गए, उसके बाद आज तक वापस लौट कर नहीं आए। पैसा दस गुना देने का झांसा ▶▶ शेष पेज 13 पर

# नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**बालोद।** आगामी नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद संजय कुमार सोनी की अध्यक्षता में पुलिस विभाग के साथ बैठक हुई।

बैठक में आगामी 13 जुलाई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के लिए जारी नोटिस की तामिली में आने वाली समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही थाना से प्रस्तुत होने वाले समरी प्रकरणों के संबंध में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आवश्यक दिशानिर्देश दिए। वहीं, 1 जुलाई से लागू होने वाली नवीन क़ानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर अशोक कुमार जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद, श्रीमती श्वेता उपाध्याय गौर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद, न्यायिक मजिस्ट्रेट गुण्डरदेही महेश साहू, न्यायिक मजिस्ट्रेट डौण्डीलोहारा सतप्रीत कौर छाबड़ा, न्यायिक मजिस्ट्रेट दल्लीराजहरा सोनी तिवारी तथा बालोद जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

### धोबी समाज का महाधिवेशन रजक महोत्सव 20 जून को

**गुरुर।** छत्तीसगढ़ धोबी समाज रायगढ़ जिले का महाधिवेशन रजक महोत्सव 20 जून को इडन गार्डेन बोईर दादर चौक रायगढ़ में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकृति प्रदान की है। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान कर चुके हैं। महाधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर रायपुर करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विवाह योग्य बेटा-बेटी अपना परिचय देंगे और मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। इसके साथ ही क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया एवं पदम समाज गौरव राम लाल बरेठ का अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले दूसरे शहर के समाज जन एक दिन पहले ही रात को पहुंच जाएंगे, जिनके लिए आवास व भोजन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में गुरुर क्षेत्र से भी समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे।



### भीषण गर्मी में शीतल छाया व महादेव का साथ, वानर को मिला सुकून ...

**बालोद।** शुक्रवार की रात झमाझम बारिश के बाद अगले दो दिन शनिवार और रविवार को उमस भरी गर्मी ने लोगों को हलकान कर दिया। वहीं, इस गर्मी व उमस से अन्य जीव जन्तु भी अछूते नहीं हैं। उन्हें भी ठंडे और छायादार स्थान की तलाश रहती है। कुछ ऐसा ही नजारा नगर में नजर आया। एक छायादार पेड़ के नीचे कुछ बंदर विश्राम कर रहे हैं। उनमें से दो वहां स्थापित शिवलिंग से लिपटकर बैठे हैं। यहां वानर पेड़ की शीतल छाया के नीचे भगवान शिव के साथ विश्राम कर रहे हैं।

### बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों ने दी सलाह

# समय के साथ स्वयं को अपडेट करते रहें सभी शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

■ प्रथम चरण के तहत गुण्डरदेही जोन में हुआ चार दिवसीय कार्यक्रम

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के द्वारा आयोजित चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण का प्रथम चरण गुण्डरदेही जोन में हुआ।

इस अवसर पर प्रथम दिवस डीएमसी बालोद अनुराग त्रिवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला तथा एफएलएन की सफलता के लिए विद्यालय प्रिंट रिच वातावरण, नेतृत्व क्षमता, पालक व सामुदायिक सहभागिता तथा प्रोत्साहन को महत्वपूर्ण बताया एवं समय के साथ सभी शिक्षकों को अपडेट रहने निर्देशित किया। द्वितीय दिवस डाईट प्राचार्य भट्टाचार्य प्रशिक्षण को स्कूल में क्रियान्वयन कर प्रभावी परिणाम प्राप्त करने की अपेक्षा की। गुण्डरदेही ब्लॉक के बीआरसीसी किशोर साहू एवं एकेडमी कोऑर्डिनेटर



सनत वर्मा ने बताया की भाषा के चार खंड मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पठन, लेखन एवं गणित के चार खंड मौखिक गणित बातचीत, मुख्य दक्षता पर कार्य, मुख्य दक्षता पर कौशल अभ्यास, खेल–खेल में गणित के कौशल पर फोकस करते हुए इसके चार ब्लॉक मॉडल बताए। उन्होने रोचक प्रभावी गतिविधियों के माध्यम से प्रेरित किया कि शिक्षक स्वयं करके देखें एवं ऐसा करने के लिए बच्चों को भी प्रेरित करें, साथ ही प्रतिदिन कार्य योजना बनाना तथा पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदशऐंका का समन्वय करते हुए कहा कि इससे हमें प्रतिदिन यह ज्ञात होगा कि आज की कार्य योजना क्या है। इस पर कार्य करते हुए हम हर सप्ताह के अंत में मैने सीख लिया पर बच्चो का आकलन, ट्रेकर में दर्ज करते हुए समूह निर्माण कैसे करे इस पर चर्चा की गई।

### कमजोर बच्चों के लिए विशेष तैयारी

कमजोर बच्चों के लिए विषय मित्र, गली मित्र, लर्निंग पिरामिड, पुस्तकालय प्रबंधन, नवा जतन, ई–जादुई पिटारा आदि पर कार्य करने की विस्तार से जानकारी दी गई तथा सफलता के छह बिंदु 6ब अंतर्गत गहन चिंतन, सृजनात्मकता, सहयोग, चुनौती लेते हुए कहा कि एफएलएन तकनीक के माध्यम से वे बच्चों को भाषाई एवं गणितीय कौशल देने में अवश्य ही कामयाब होंगे। इस अवसर पर एसआरजी लक्ष्मीनारायण साहू एवं शैलेंद्र पाण्डेय डीआरजी व सुभाष गजेंद्र, भूषण साहू, डॉ पुष्पलता चंद्राकर, गीतिका महोबिया, पूजा साहू, भारती सिन्हा, नीलकंठ पटेल, मीनू ठाकुर, सनत देशमुख, कृष्णकुमार सिंह, बिमलेश्वरी साहू, पितेश्वर साहू मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया। पहले चरण में 172 शिक्षकों की सहभागिता रही। ज्ञात हो कि प्रशिक्षण का दूसरा चरण 19 जून से प्रारंभ होगा।

### नाली एवं सड़क के ऊपर अवैध निर्माण तोड़ा

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में नालियों एवं सड़क के ऊपर का अवैध कब्जा तोड़ने का कार्य लगातार जारी है। जो कब्जाधारी सड़क के ऊपर अवैध कब्जा कर लिए है, नाली को जाम कर दिए हैं, उनके ऊपर ही कार्रवाई चल रही है। अवैध कब्जाधारियों को पूर्व में नोटिस दिया गया था। मुनादी भी चल रही है। प्रमुख रूप से कार्यवाही संतोषी पारा वार्ड 33 अंबेडकर भवन के पीछे से दुर्गा पंडाल, वार्ड 36 महामाया मंदिर, वार्ड 51 रेलवे लाइन के पीछे, वार्ड 14 नाली के ऊपर अवैध कब्जा हटाया गया। नगर निगम भिलाई द्वारा लगातार मुनादी भी कब्जा हटाने के लिए कराया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के राजस्व अधिकारी, सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे। सभी क्षेत्रों में तोड़फोड़ के साथ ही डंपर से मालवा भी हटाया जा रहा है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

**खबर संक्षेप**

## छत्तीसगढ़ के अफसरों के साथ प्रधानमंत्री बुधवार को वर्चुअल चर्चा करेंगे

**रायपुर।** सिकलसेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को छत्तीसगढ़ के सिकलसेल मरीजों के अलावा अफसरों से वर्चुअल चर्चा करेंगे। इसके लिए राज्य के अफसरों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आदिम जाति विकास विभाग के अफसरों के मुताबिक बस्तर, बलरामपुर-रामानुजगंज एवं रायपुर में टू-वे-कनेक्टिविटी की व्यवस्था करने तथा शेष जिलों में वन-वे-नेटवर्क कनेक्टिविटी से जुड़े रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी जिलों के कलेक्टर, सहायक आयुक्तों एवं परियोजना प्रशासकों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में सिकलसेल के लिए राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च सेंटर प्रारंभ करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं।

## इंदिरा सिंह के निधन पर रमन, भूपेश, महंत और बैज ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** सरगुजा राज परिवार की इंदिरा सिंह (बेबीराज) के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा इस



दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं पूण्य आत्मा को शांति प्रदान करे। उनके निधन पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ट्विट कर लिखा कि 'अभी बेहद दुखद सूचना प्राप्त हुई है। सरगुजा राजपरिवार की इंदिरा सिंह का देहांत हो गया है। वो लंबे समय से गंभीर बीमारी से संघर्ष कर रही थीं। हम सब उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं। इस दुःख की घड़ी में सिंहदेव परिवार के साथ हम सब हैं। यह हमारी पारिवारिक क्षति भी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अंबिकापुर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर दिवंगत इंदिरा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं कहा कि हम सभी दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ हैं । रमन ने जताया दुख विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ट्विट कर दुख जताते हुए कहा, सरगुजा राजपरिवार की इंदिरा सिंह के देहांत के समाचार से मन अत्यंत दुःखी है। पिछले 6 महीनों से कैंसर से जूझते हुए आज उन्होंने अंतिम सांस ली, मैं श्रीहरि से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। इस दुःखद समय में टीएस सिंहदेव और सभी शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

## नीट की परीक्षा रद्द कर फिर से कराई जाये : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नीट परीक्षा कांड के बारे में भाजपा नेताओं की बोलती क्यों बंद है? छत्तीसगढ़ पीएससी में भाजपा के बिना तथ्य गड़बड़ी के आरोप पर सीबीआई जांच कराने की घोषणा की गई। नीट परीक्षा की सीबीआई जांच क्यों नहीं करवाई जा रही है? भाजपा की मोदी सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण देश के 25 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का भरोसा नीट से उठ गया है।

### मुख्यमंत्री ने कहा- हर घर में पाइपलाइन से पानी पहुंचाने मिशन के कार्य में लाएं तेजी

# जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 39 लाख घरों में पहुंच रहा है नल का पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागों के काम में कसावट लाने समीक्षा बैठक ले रहे हैं। उन्होंने शनिवार को लगातार तीसरे दिन अलग-अलग विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पीएचई विभाग की बैठक में बरसात के दिनों में प्रदेश में स्वच्छ पेयजल के लिए पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं के मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 39.14 लाख घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। अब तक इसके तहत 78 प्रतिशत कार्य पूरे हो गए हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाते हुए राज्य के हर घर में पाइपलाइन के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का शत-प्रतिशत लक्ष्य जल्द हासिल करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में कहा, आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शुद्ध पेयजल के लिए जलापूर्ति व्यवस्था के आवश्यक रखरखाव और मरम्मत का कार्य पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में नियुक्त किए जाने वाले नल जल मित्रों का प्रशिक्षण कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से यथाशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, विभाग में तकनीकी अमला बढ़ाने के लिए नई भर्तियों के प्रस्ताव भी शीघ्र भेजें। मुख्यमंत्री ने खारे पानी, भू-जल में भारी तत्वों की मौजूदगी और जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने की समस्या से जूझ रहे गांवों के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे उन गांवों में यथाशीघ्र साफ पेयजल पहुंच सके। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मुख्य सचिव अमिताभ जैन तथा मुख्यमंत्री सचिवालय, जल जीवन मिशन और विभागीय अधिकारियों के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की।



### राज्य मद से स्वीकृत की जाएं मल्टी विलेज योजनाएं : साव

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए संचालन-संधारण नीति जल्द तैयार करने की जरूरत बताई। उन्होंने जलस्रोतों को रीचार्ज करने मनरेगा के माध्यम से आवश्यक संरचनाओं के निर्माण पर जोर दिया। ऐसे गांवों में जहां पेयजल आपूर्ति के लिए भू-जल स्रोत नहीं मिल रहे हैं, उन गांवों के लिए नई मल्टी-विलेज योजनाएं राज्य मद से स्वीकृत करने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके लिए सीएसआर या डीएमएफ फंड से राशि की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होंने तेजी से नए नलकूपों के खनन के लिए विभाग में नई ड्रिलिंग मशीनें खरीदने की जरूरत भी बताई।

### जलजीवन मिशन के तहत 78 प्रतिशत काम पूरे

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने बैठक में बताया कि प्रदेश में अब तक 39 लाख 14 हजार से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जा चुका है। जल जीवन मिशन के तहत अब तक 78 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य को हासिल किया जा चुका है। राज्य के 3356 गांवों में शत-प्रतिशत, 5093 गांवों में 90 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तथा 3153 गांवों में 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों में पंचायतों द्वारा जलापूर्ति व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए नल जल मित्र की नियुक्ति की जाएगी।

### पेयजल संबंधी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर

उन्होंने बैठक में बरसात के दिनों में प्रदेश में स्वच्छ पेयजल के लिए पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए पीएचई विभाग के टोल-फ्री नम्बर 1800-233-0008 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा।

## आरंग, नयापारा, अभनपुर केंद्री में जनता के बीच पहुंचे सांसद बृजमोहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

*लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को आरंग, नयापारा, अभनपुर, केंद्री में विजय आभार रैली निकाली। इस रैली में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। आमजन के साथ ही विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने जगह-जगह सांसद का भव्य स्वागत किया। लोगों ने आतिशबाजी और पुष्प वर्षा की। कई स्थानों पर उनको फलों और लड्डुओं से तौला गया। श्री अग्रवाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत जनता के प्यार और आशीर्वाद का परिणाम है। यह मोदी जी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का नतीजा है, जिस पर क्षेत्र की जनता ने मोहर लगाई और एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड मतों से जीत दिलाई है। यह जनता के विश्वास का ही परिणाम है कि इस जीत ने रायपुर का नाम देश भर में रोशन किया है। श्री अग्रवाल ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को भी दिया। उन्होंने कहा, कार्यकर्ताओं की लगन और कठिन परिश्रम के कारण ही आज रायपुर की जीत देश की 10 सबसे बड़ी जीतों में शामिल हो सकी।*

■ कहा- भाजपा की जीत मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन पर जनता की मोहर

## सूर्य विहार कॉलोनी में अवैध कब्जा, लोगों का फूटा गुस्सा

**भिलाई।** सूर्य विहार कॉलोनी जुनवानी सूर्या मॉल के समीप स्थित मुख्य मार्ग को बंद किए जाने और मुख्य मार्ग की सर्विस रोड पर अवैध अतिक्रमण को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा ने कलेक्टर दुर्ग और वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए जनहित में तत्काल निर्णय लेने की मांग की है। सूर्य विहार कॉलोनी जुनवानी सूर्या मॉल से मास्टर प्लॉन में 30 मीटर का एम.आर. रोड जो सुर्या मॉल से सूर्य विहार होते हुए पुलिस हाउसिंग कालोनी, सिंगापुर सिटी फेस-1 फेस-2 फेस 3 सिटी सेंटर एवं गुरुकुल स्कूल व अन्य मकानों तक जाती है। यही एकमात्र आने-जाने का रास्ता है जिसे सूर्य विहार रेसिंडेटल सोसायटी द्वारा नियम विरुद्ध कार्लेम व खम्बा एवं गार्ड रुम बना दिया गया है।

अरोरा ने बताया कि गेट लगाने की तैयारी की जा रही है एवं वे सिर्फ सूर्या विहार कॉलोनी के निवासियों को पास जारी करने की तैयारी की जा रही है। ताकि इस मुख्य मार्ग का उपयोग सिर्फ सूर्या विहार कॉलोनी वाले ही कर सके तथा सूर्य विहार रेसिंडेटल सोसायटी द्वारा नियम विरुद्ध 30 मीटर रोड के साथ बनी सर्विस रोड़ को भी जाली लगाकर कई जगह शेड इत्यादि का निर्माण कर सर्विस रोड़ को बंद कर दिया गया है।

### रेरा का आदेश की केवीएम डेवलपर्स 36 प्लॉट 45 दिन के भीतर करें आबंटित

## पुलगांव थोक कपड़ा मार्केट में व्यवसासियों को प्लॉट देने आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

थोक कपड़ा मार्केट पुलगांव के व्यापारियों के पक्ष में रेरा से आदेश जारी हुआ है। आदेश में केवीएम डेवलपर्स को 36 प्लॉट 45 दिन के भीतर व्यवसाइयों को आवंटित करने का आदेश दिया है। केवीएम डेवलपर्स द्वारा थोक कपड़ा मार्केट की स्थापना के समय व्यवसाइयों से 128 प्लॉट आवंटित करने का एग्रीमेंट करते हुए पैसा प्राप्त किया था, किंतु 92 प्लाट को ही आवंटित किया गया। बचे हुए 36 प्लॉट फेस टू में आवंटित करने




की बात कही गई थी। किंतु फेस टू का निर्माण भी लगभग पूरा होने के बाद भी 36 दुकानों का आवंटन नहीं किया गया। इसके विरुद्ध थोक कपड़ा व्यापारी संघ ने रेरा में शिकायत की। जिस पर फैसला सुनाते हुए 36 प्लॉट 45 दिन के भीतर आवंटित करने का आदेश पारित हुआ है। केवीएम डेवलपर्स के खिलाफ पहले ही कोतवाली थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज है। व्यापारियों ने बताया कि केवीएम डेवलपर्स द्वारा 128 प्लॉट देने का अनुबंध हुआ था। किंतु 92 प्लॉट ही दिए गए। बचे हुए 36 प्लॉट के संबंध में कहा गया कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से मंजूरी नहीं मिली है, इसलिए प्लाट नहीं दे पा रहे हैं। फेज-2 पर मंजूरी मिलने के बाद प्लॉट दिया जाएगा। 2020 में फेज-2 को मंजूरी मिली, किंतु पुराने व्यवसाइयों को 36 प्लॉट नहीं दिए गए। इसके बाद मामला रेरा पहुंचा। जहां दोनों पक्षों को सुनने के बाद रेरा से यह फैसला आया।

## भूपेश ने बलौदाबाजार की घटना पर उठाए नौ सवाल

कहा- इनके जवाब आ जाएं तो पूरा मामला साफ हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाजार की घटना को लेकर नौ सवाल उठाते हुए कहा, इनके जवाब आ जाएं तो पूरा मामला साफ हो जाएगा। घटना से आम आदमी डरा सहमा हुआ है, उनका सरकार पर से भरोसा उठ गया है।



उन्होंने कुछ सावल उठाते हुए कहा, पूरे आंदोलन में भाजपा जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े और अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका क्या थी। धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमिशन दिलाने वाला कौन था? रैली में आने वाले लोगों के लिये भोजन, मंच, पंडाल, माइक के लिए रुपयों की व्यवस्था किसने की? घटना के बाद भड़काऊ भाषण देने वाले भीम आर्मी के लोगों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? नागपुर से 250 से अधिक लोग आये, वो कौन थे? उन पर नजर क्यों नहीं रखी थी? भीड़ में लोग लाठी, डंडा लेकर आये थे, उनको रोका क्यों नहीं गया? रैली की शुरुआत से ही उपद्रव शुरू हो गया था, उसके बावजूद लोगों को कलेक्टोरेट क्यों जाने दिया गया? रोकने की कोशिश क्यों नहीं हुई? आम जनता के वाहन जलाये जा रहे थे, लोगों को दौड़ा कर पीटा जा रहा था, तब पुलिस कहां थी? एसपी किसके इशारे पर शांत बैठे थे? घटना को रोकने के बजाय पलायन क्यों कर गये?

**आम आदमी को बनाया गया निशाना**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, बलौदाबाजार के घटनाक्रम ने छत्तीसगढ़ को कलंकित करने का काम किया है। घटना में आम आदमी को निशाना बनाया गया है। नागरिकों को भयमुक्त वातावरण देने कानून व्यवस्था बनाये रखने की जवाबदारी सरकार की है।

## बैज बोले- 6 माह में छत्तीसगढ़ बदहाल

कानून व्यवस्था की स्थिति खराब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मंत्रियों के विभागों की समीक्षा के बजाय अपनी पूरी सरकार का आत्म अवलोकन करना चाहिये। 6 माह में भाजपा की पूरी सरकार ही विफल साबित हुई है, सिर्फ मंत्रियों के विभागों की समीक्षा से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। पूरी सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हो चुकी है।



उन्होंने कहा, राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 6 माह में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। उन्होंने कहा, हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। गोतस्करी की घटनाएं शुरू हो गयीं। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयीं। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। नक्सली घटनायें बढ़ गयीं, सरकार ने 6 माह में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाई। उन्होंने कहा, सरकार ने व्यापारियों का भयादोहन शुरू कर दिया, जीएसटी के छापे मारे जा रहे। जमीनों के खसरा लॉक कराया जा रहा, नामांतरण बटांकन रजिस्ट्री रोक कर जमीन व्यापारियों से वसूली की जा रही। पांच सौ रुपया में रसोई गैस सिलेंडर, छात्रों को स्कूल कॉलेज जाने भत्ता, 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती, कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपए सालाना देने का वादा भूल गये।

## खाद्य अधिकारी राशन दुकानों के घोषणापत्र में दर्ज खाद्यान्न की जांच 30 तक पूरी करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खाद्य विभाग की राशन दुकानों से 600 करोड़ का राशन गायब होने के मामले में विधानसभा की जांच समिति गठित होने के बाद खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने खाद्य अधिकारियों को राशन दुकानों के घोषणापत्र में दिखाए गए खाद्यान्न की जांच 30 जून तक पूरी करके देने के निर्देश दिए। पीडीएस का जिम्मा संभालने वाले अधिकारियों को मंत्री ने कहा, पीडीएस में घोटाले में संलिप्त पाए जाने वालों पर कार्रवाई होगी। मंत्री ने खाद्य विभाग, नान और मार्कफेड के अधिकारियो की बैठक ली।

■ खाद्य मंत्री बघेल ने बैठक लेकर कहा- गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई



प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में से पांच हजार राशन दुकान ऐसी हैं, जिनमें 600 करोड़ का राशन गायब है। घोटाले के लिए संचालनालय खाद्य के एक अधिकारी को जिम्मेदार माना जा है। मामले में अपने आप को बचाने के लिए राशन दुकानों में बाजार से राशन सामग्री खरीद कर रखवाने के लिए अधिकारियों को जूम कांफ्रेंसिंग के जरिए आदेश दिए गए थे। दुर्ग, कांकेर, बालोद जिले में अनेक राशन दुकानदारों ने शपथपत्र बना कर रखा है, जिसमें उनके द्वारा जानकारी दी गई है कि उन्होंने बाकायदा खाद्य विभाग के माध्यम से अपना कोटा कटवाने का आवेदन किया था। डेढ़ हजार से अधिक राशन दुकानों का आवेदन संचालनालय में पड़ा रहा, लेकिन कार्यवाही किए जाने के बजाय अपर संचालक ने कोटा जारी करवाया।

**किया गया फर्जी भंडारण**

प्रदेश के हजारों राशन दुकानदारों का कहना है कि नागरिक आपूर्ति निगम और ट्रांसपोर्टर द्वारा फर्जी भंडारण किया गया है। इसकी पुष्टि नागरिक आपूर्ति निगम में जमा पावती की जांच में सामने आएगी। प्रदेश राशन दुकान संचालक एसोसिएशन ने विधानसभा जांच समिति के सभापति से मिलकर जांच में राशन दुकान संचालक संघ के अध्यक्ष को भी बुलाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक वितरण की एंट्री नहीं कर दी जाती थी, तब तक कोटा जारी नहीं होता था। ऐसे में फरवरी 2022 के घोषणापत्र को रीस्टोर किया जाकर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

**मुख्यमंत्री साय एवं सचिव दयानंद ने सराहा**

## देवभोग के घने जंगल में खतरों से जूझते हुए खराबी खोजकर 179 गांवों को किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मानसून के पहले आए आंधी तूफान से बाधित हुई विद्युत आपूर्ति को सुधारने के लिए प्रदेशभर में बिजली कर्मी जी-जान लगाकर जुटे हुए हैं। राजधानी से 250 किलोमीटर दूर देवभोग के घने जंगल में आंधी तूफान के कारण पेड़ गिरने से बिजली तार टूट गए, जिसे विद्युत अमले ने त्वरित गति से कार्य करते हुए आधी रात को ही सुधारकर उपभोक्ताओं तक विद्युत आपूर्ति बहाल की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मौसम की चुनौतियों का सामना कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले विद्युतकर्मियों की सराहना की है। पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी. दयानंद ने भी कर्मियों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की और उन्हें इसके लिए बधाई दी, वहीं धैर्य रखने के लिए आम जनता को धन्यवाद प्रेषित किया है। रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के



कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया तेज आंधी तूफान और बारिश के कारण 33 केवी देवभोग फीडर लाइन फॉल्ट(बंद) हो गई। जिसे शीघ्र ही देवभोग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा पेट्रोलिंग कार्य प्रारंभ किया गया। घने व लंबी दूरी तक के जंगल, सीमित मानव संसाधनों, हाथी व नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद विद्युत कर्मियों ने रात में ही पेट्रोलिंग कार्य जारी रखा। कार्यपालन अभियंता गरियाबंद ने अधिकारियों-कर्मचारियों को सुरक्षित रहते हुए, सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए तथा सुधार कार्यों की निरंतर जानकारी लेते रहे। कार्यपालक निदेशक श्री वर्मा फोन पर व वाट्सएपप संदेश के माध्यम से विद्युत बहाली हेतु रात्रि में जारी विद्युत कर्मियों के लगातार संपर्क में रहे। विद्युत कर्मचारियों द्वारा नक्सल प्रभावित व हिंसक वन्य प्राणियों की मौजूदगी वाला क्षेत्र होने के बाद भी गाड़ियों और पैदल पेट्रोलिंग करते हुए, घुप्प अंधेरे में टार्च की रोशनी तथा बरसते पानी के बीच लगातार अपनी जान की परवाह किये बगैर सुधार कार्य जारी रखा। रात 10.43 बजे नाला एबी स्विच के पास पहला फाल्ट, रात 10.51 बजे बुडगेलटप्पा के पास दूसरा फाल्ट इसी प्रकार धुरवागुड़ी नाला एबी स्विच के पास रात 12.22 बजे तीसरा फाल्ट मिला। लाइनों में गिरे पेड़ों और पेड़ों की डालियों को काटकर लाइनों से अलग किया गया।

### वर्ष 2018 बैच के हैं छात्र, मार्च में इंटर्नशिप पूरा कर चुके

## स्वास्थ्य केंद्रों में कमी, आठ सौ डाक्टर कर रहे बांड पोस्टिंग का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों की कमी है और दूसरी ओर करीब आठ सौ चिकित्सा अधिकारी बांड पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं। सभी वर्ष 2018 बैच के छात्र हैं और मार्च में इंटर्नशिप पूरा कर चुके हैं। आचार संहिता की वजह से आदेश लटक गया था, जिसे शीघ्र जारी करने चिकित्सकों के संगठन ने ज्ञापन सौंपा है।

राज्य के लोगों को प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमर क्लीनिक, हमर अस्पताल के साथ जन आरोग्य आयुष्मान मंदिर का संचालन किया जा रहा है। इन हेल्थ सेंटरों में एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। बताया जाता है कि पूर्व में जिन चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती की गई थी, उनमें कइयों की बांड अवधि पूरी हो चुकी है अथवा कई पीजी सहित अन्य पढ़ाई के लिए अध्ययन अवकाश पर जा चुके हैं। इसकी वजह से स्वास्थ्यों केंद्र चिकित्सक विहीन हो चुके हैं। आठ सौ चिकित्सा अधिकारयों को अनुबंध सेवा के तहत पोस्टिंग दिए जाने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। सूत्रों के अनुसार वर्ष 2018 बैच के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों ने इंटर्नशिप पूरा कर लिया है, मगर उनकी बांड पोस्टिंग नहीं हो पाई है। मार्च में इंटर्नशिप के बाद आचार संहिता लगने की वजह से इनकी नियुक्ति नहीं हो पाई थी। यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर नियुक्ति आदेश जारी करने के मांग की है।

### तो जा सकते हैं न्यायालय

सूत्रों का कहना है कि पढ़ाई पूरी होने के छह माह के भीतर चिकित्सा विशेषज्ञ अथवा चिकित्सा अधिकारियों को अनुबंध सेवा में पोस्टिंग देना आवश्यक होता है। ऐसा नहीं होने पर इसे बांड शर्तों का उल्लघंन माना जाता है। नियम का पालन नहीं होने के मामले में संबंधित चिकित्सक बांड राशि वापस लेने न्यायालय की शरण में जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मंदिर में स्थापना दिवस पर भजन कीर्तन

दुर्ग। श्री मनोकामनेश्वर महादेव एवं श्री दक्षिणमुखी हनुमान संतरा बड़ी दुर्ग में स्थित मंदिर का द्वितीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा शिवजी के भजन और सुन्दरकाण्ड का भी आयोजन किया गया जिसमें समस्त मोहल्लावासी शामिल हुए।

### दूरसंचार संबंधी बैठक

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में दूरसंचार अवसंरचना के विकास के लिए तार मार्ग के अधिकार राईट ऑफ वे की नीति 2021 के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि टावर व फाइबर के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर सभी नगरीय निकायों से अभिमत प्राप्त कर लिया गया है।

### माहेश्वरी पंचायत ने रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त का किया दान

दुर्ग। श्री माहेश्वरी पंचायत द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 35 यूनिट रक्त एकत्रित हुए। इसके अलावा दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के जन्मदिन पर 10 यूनिट रक्त दान किया गया। इस प्रकार ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय को 45 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर में सीएमएचओ डॉ जे पी मेश्राम, जिला चिकित्सालय दुर्ग सिविल सर्जन अधिकारी डॉ हेमंत साहू, ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ नेहा नलवाया, काउंसलर एंथोनी, तरूणा रावत, लैब टेक्नोलोजीस्ट रोशन सिंह लैब सुपरवाइजर रूपेश सप्रेएलैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकरए दिनेश, प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना, दुष्यंत देवांगन मौजूद थे।

### मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

दुर्ग। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2, दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। उप संचालक मछली पालन विभाग से मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त नदियों,नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय बड़े या छोटे जो निर्मित किये गये है। केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर अधिनियम के नियम-3, 5 के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### धरम नगर, छत्तीसगढ़ नगर बस्ती के बड़े नाला की सफाई, तीन क्विंटल स्लैब निकाला

रायपुर। शहीद पंकज विक्रम वार्ड के छत्तीसगढ़ नगर और धरमनगर बस्ती के बड़े नाला की बारिश पूर्व शनिवार को सफाई कराई गई। इस दौरान भारी मशक्कत के बाद 3 क्विंटल स्लैब बाहर निकाला गया। सुबह से ही नाला सफाई के लिए छोटी पोकलेन मशीन और जोन गैंग की टीम को इस कार्य में लगाया गया। इस दौरान 5 डंपर मलबा नाला से बाहर निकाला गया। नगर निगम जोन 6 के बड़े नाला की सफाई के दौरान भारी मात्रा में मलबा बाहर निकालकर गंदे पानी का सुगम निकास की व्यवस्था की गई। जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र-यादव ने बताया कि धरम नगर, छत्तीसगढ़ नगर जैसी घनी आबादी में बारिश का पानी पचपेड़ी नाका, मार्बल लाइन रिंग रोड से होकर संतोषी नगर निकलता है। इसकी सफ़ाई किया जाना बहुत ज़रूरी था, इसे देखते हुए निगम ने छोटी पोकलेन मशीन और ज़ोन के सफाई कामगारों की टीम को सुबह से ही नाला सफ़ाई के लिए लगाया गया। सफाई के दौरान रिंग रोड में अशोक मार्बल के सामने नाला में मार्बल व्यवसायियों द्वारा लंबा स्लैब डाल दिया गया था, जिसमें वहीं पर पुराना स्लैब नीचे में गिर जाने के कारण नाला जाम रहा। सफ़ाई के दौरान भारी मशक्कत के बाद करीब 3 क्विंटल स्लैब और 5 डंपर मलबा नाले से बाहर निकाला गया।

# एक कंपनी ने बढ़ाई सीमेंट की 20 रुपए कीमत, दूसरी कंपनियां भी बढ़ाने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

एक बार फिर से बीते साल की तरफ मानसून में सभी सीमेंट कंपनियां दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। एक कंपनी ने तो 20 रुपए कीमत बढ़ा दी है, बाकी कंपनियां भी कीमत बढ़ाने की तैयारी में हैं। वैसे नए साल में सीमेंट के दाम एक बार भी नहीं बढ़े हैं। अब कीमत में सभी कंपनियां 20 रुपए का इजाफा करने की तैयारी में हैं। कंपनियां कारोबारियों से कह रही है, 20 रुपए ज्यादा कीमत पर माल बेचें, हालांकि कारोबारी तैयार नहीं हो रहे हैं, क्योंकि डिमांड ही नहीं के बराबर है। अगर कीमत ज्यादा बताएंगे तो ग्राहक और कम हो जाएंगे। प्रदेश की सीमेंट कंपनियां प्रदेश के कारोबारियों को कम माल दे रही हैं और बाहर के राज्यों में ज्यादा माल भेज रही हैं, क्योंकि बाहर के राज्यों में काम चल रहा है।

## प्रदेश में सप्लाई कम, दूसरे राज्यों में जा रहा ज्यादा माल

### अभी बीते साल की ही कीमत

नए साल में सीमेंट की कीमत में एक बार भी इजाफा नहीं हुआ है। बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करने वालों का कहना है, इस समय डिमांड बहुत कम है। जिन कारोबारियों के यहां रोज का एक ट्रक तक माल बिक जाता था, उनके यहां मुश्किल से 50 से 60 बोरी ही बिक रहा है। इसी के साथ छोटे कारोबारियों के यहां तो कई-कई दिनों तक एक बोरी सीमेंट भी नहीं बिक रहा है। इस समय दाम बीते साल वाले ही हैं। लोकल सीमेंट जहां चिल्हर में 280 रुपए के अंदर है, वहीं ब्रांडेड कंपनियों का सीमेंट 300 से 305 रुपए में मिल रहा है।



### अब कीमत बढ़ाने की तैयारी

कारोबारियों का कहना मार्च क्लोजिंग होने के कारण सीमेंट कंपनियों का अपना बीते साल का कोटा पूरा हो गया। इसके बाद डिमांड न होने के कारण दो माह कीमत में इजाफा नहीं किया गया। लेकिन अब कंपनियां कीमत बढ़ाने की तैयारी में हैं। कंपनियों का हर माह का अपना कोटा रहता है, कोटा पूरा करने के लिए आमतौर पर कीमत बढ़ाने की बात करके डीलरों को माल बेच दिया जाता है। इसके बाद कई बार कीमत बढ़ा देते है और कई बार कीमत में इजाफा नहीं भी किया जाता है। एक कंपनी ने कीमत बढ़ा दी है, पर कारोबारी माल नहीं उठा रहे हैं।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने बीते साल सीमेंट की कीमत में भारी इजाफा कर दिया था। इतिहास में पहली बार अक्टूबर में सीमेंट की कीमत साढ़े तीन सौ रुपए से पार होकर चिल्हर में 370 रुपए हो गई थी। कंपनियों ने मानसून के समय सितंबर में जहां 35 रुपए कीमत बढ़ाई वहीं अगस्त के अंत में ही 20 रुपए कीमत बढ़ाई गई थी। दस दिनों में कीमत में 55 रुपए का इजाफा हो गया था। कीमत में और इजाफा करने की तैयारी थी, लेकिन डिमांड न होने के कारण कीमत नहीं बढ़ाई गई। जब खरीदारों ने हाथ खड़े कर दिए तो कीमत कुछ कम करने का दौर प्रारंभ हुआ। इसके बाद कीमत कम होते-होते साल के अंत में कीमत बहुत कम हो गई और ब्रांडेड सीमेंट तक 300 से 305 रुपए तक हो गया।

## आयोजन : कैंसर पर विजय पा चुकीं व्याख्याता ने शुरू किया जागरुकता अभियान

# कैंसर के लक्षण व बचाव के तरीके बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा






आजकल अधिकांशतः देखा जा रहा है कि अनुचित खानपान के परिणामस्वरूप समाज के अंदर महिलाओं में कैंसर जैसा भयावह रोग अपना पैर पसार रहा है। प्रत्येक गांव में 4-5 मरीज देखने में को मिल रहे हैं। स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रम की विकासखण्ड समन्वयक नैन साहू ने इस गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

डौंडीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा में कार्यरत और डौंडीलोहारा निवासी व्याख्याता एनुका शार्वा जो स्वयं कभी स्तन कैंसर से पीड़ित थीं और अपनी इच्छा शक्ति से आज स्वस्थ होकर आम जिंदगी जी रही हैं। वे लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। उनसे संपर्क कर मितानिनों के मासिक बैठक में आमंत्रित कर उनसे कैसर के लक्षण, बचाव कैसे किया जा सकता है इस विषय पर कार्यशाला जानकारी देती हैं। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव में प्रत्येक मोहल्ले में काम करने वाली मितानिनों को भी जागरूक किया, ताकि अपने आसपास अगर ऐसी कोई समस्या किसी को हो तो समय रहते सही उपचार हो सके। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत मितानिनें आम नागरिक से प्रत्यक्ष ही जुड़ी हुई हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, विकासखंड मितानिन समन्वयक नैन साहू महिलाओं में बढ़ते हुए कैंसर की घटना को जन जागरूकता के लिए सुश्री एनुका की मदद से जागरूकता करने का पहल की। उन्होंने एनुका की कैंसर जागरूकता के खबरों कैंसर सभा, कैंसर रैली, और हेयर डोनेशन से अवगत थी। इसलिए उन्होंने एनुका शार्वा को मितानिन समूह से उनके लक्षण तथा बचाव पर चर्चा की। उन्होंने ध्यान आकृष्ट कर महिलाओं की स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आग्रह किया। 2 मुख्य प्रशिक्षक मितानिन को कुमारी ठाकुर सहित गेंजी, सहगाव, जाटादाह, बैहाकुआ, भरदा, चिल्हाटी कला, चिल्हाटी खुर्द, बोईरडीह, पोपलाटोला और अन्य दिवस को ऐश्वर्यामति तिवारी सहित कोटेरा, अंडी, कोसमी , रायपुरा, सेम्हरडीह, संबलपुर की मितानिन थे। एनुका ने स्तन कैंसर के लक्षणों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए, उसकी एक लक्षणों की सूची तैयार कर समूह को प्रदान किया। उन्होंने मितानिनों से आग्रह किया कि प्रारंभिक लक्षण देखने पर तुरंत उपचार लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कैंसर जैसे बीमारी के उपचार के कई चरण सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन होते हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से पालन करने से इस बीमारी से लड़ा जा सकता है और अपना जीवन सुरक्षित कर सकते हैं।

# मालीघोरी दुधली में जांची गई 187 लोगों की सेहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम मालीघोरी दूधली में श्री नरसिंह मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बालोद व प्रेस क्लब बालोद द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 187 लोगों की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पहुंचकर लोगों की जांच की।

शिविर का शुभारंभ पूर्व मंडी अध्यक्ष भोलाराम देशमुख, सरपंच मालीघोरी फिरोज तिगाला, जनपद सदस्य राजकुमार प्रभाकर, प्रेस क्लब बालोद अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा ने किया। भोलाराम देशमुख ने कहा कि प्रेस क्लब बालोद हर क्षेत्र में अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है। रचनात्मक कार्य के तहत जन सामान्य को सुविधा दिलाने इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लगाकर प्रेस क्लब ने अपने एक और कर्तव्य का निर्वहन किया है। आयोजन पूरी तरह से निःशुल्क था, जिसका लाभ अनेक ग्रामीणों ने लिया। देशमुख ने इसके लिए ग्राम मालीघोरी और दूधली की ओर से प्रेस क्लब बालोद व श्री नरसिंह मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का आभार जताया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ व महिला रोग विशेषज्ञ के साथ चर्म रोग विशेषज्ञ भी यहां मौजूद रहे। शिविर में डॉक्टर पीसी सूर्या, डॉक्टर अश्वनी रमेश मुद्रावणे, डा फलेश ठाकुर, स्टाफ नर्स योगीता साहू, श्वेता साहू, दीपिका निषाद, तकेश्वर निर्मलकर, उदय साहू, भुवन साहू, पीसी सरिता सहित प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, मीडिया प्रभारी टीकम पिपरिया, वरिष्ठ पत्रकार जुनैद कुरैशी, अखिल साहू, किशोर साहू, हरिवंश देशमुख, बोधन भट्ट, तिलक देशमुख, इंजीनियर व समाजसेवी ताराचंद साहू उपस्थित थे।

# युवक की हत्या कर लाश खारुन में फेंकी, एक सप्ताह पूर्व की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का मामला, हत्यारों की पतासाजी में जुटी पुलिस

एक सप्ताह पूर्व पुलिस ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में खारुन नदी में एक अज्ञात युवक की लाश बरामद की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हत्या होने की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही पुलिस ने अज्ञात युवक की शिनाख्त कर ली है। मृतक खमतराई थाना क्षेत्र का रहने वाला है। हत्या की घटना को सुलझाने पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के मुताबिक खमतराई, सन्यासीपारा निवासी विधाता यादव की भाठागांव खारुन नदी में सोमवार को लाश मिली थी। इस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस को मृतक की शार्ट पीएम रिपोर्ट मिली। शार्ट पीएम रिपोर्ट में सिर पर चोट के निशान मिले। इसके बाद पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। शिनाख्ती के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क कर पूछताछ की।

मृतक के परिजनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि विधाता खारुन नदी किन लोगों के साथ और क्या करने के लिए गया था। पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि विधाता की हत्या कहीं दूसरी जगह कर लाश को ठिकाना लगाने के लिए खारुन नदी में लाकर नहीं फेंका गया।

# श्रद्धालुओं ने मां कौशल्या धाम निर्माण के लिए सहयोग राशि देने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- गंगा धाम डोकला पहुंची पाटेश्वर धाम की यात्रा

45 दिनों के लिए आयोजित मां कौशल्या धाम मंदिर प्रचार यात्रा मोहला तहसील के गंगा धाम डोकला पहुंची। यह वही स्थान है जहां पर कुछ वर्ष पहले कांवड़ यात्रा के आयोजन को रोकने का प्रयास किया गया था। संत श्री ने समस्त क्षेत्र से आई हुई जनता को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त छत्तीसगढ़ की आदिवासी परंपरा सनातन धर्म एवं आध्यात्म से सदा प्रेरित रही है। राम रामायण एवं भगवान शिव के पुजारी रहने वाला आदिवासी समाज सदा से शांतिप्रिय रहा है। मां कौशल्या एवं भगवान राम का रिश्ता छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज से है। छत्तीसगढ़ में जन्मी मां कौशल्या के 25 करोड़ की लागत से बनने वाले मंदिर निर्माण की जानकारी संत श्री ने सभी को दी। सभा में टेकराम भंडारी डोकलकोंडे ने 3 वर्ष तक प्रति वर्ष 11000 एवं अन्य भक्तों ने 5000, 3000 तथा 2000 रूपए भेंट करने का संकल्प लिया। वहीं, माता-बहनों ने प्रति महीना 1100 रुपए देने का संकल्प लिया। संत श्री ने बताया कि आज 6 वर्ष के बाद ढोकला धाम आकर मन को बड़ी शांति मिली। यहां के संपूर्ण क्षेत्रवासी आदिवासी भाई बहनों से मिलकर अच्छा लगा। संत श्री के अनुसार आने वाले 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा के दिन मां कौशल्या धाम के द्वितीय तल का लोकार्पण होना है, जिसमें हजारों भक्त पूरे प्रदेश से आएंगे।

# ट्रेनर मीट और प्रशिक्षक प्रशिक्षण यात्रा के दौरान हुए अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा






भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 8 से 12 जून 2024 तक ट्रेनर मीट एवं प्रशिक्षक प्रशिक्षण यात्रा वाराणसी अयोध्या, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के नेतृत्व एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी, राज्य संगठन आयुक्त सी आर चंद्राकर एवं राज्य ट्रेनिंग कमिश्नर टीकेएस परिहार, सरिता पांडे एवं मृत्युंजय शुक्ला के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य के 40 वरिष्ठ स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टिन सम्मिलित हुए।

प्रथम दिवस यात्रा दुर्ग से रतनपुर महामाया दर्शन कर संध्या वाड्रफ नगर में गीत संगीत के साथ कैंप फायर किया गया। द्वितीय दिवस वाराणसी में बाबा विश्वनाथ, अन्नपूर्णा देवी, काल भैरव, संकट मोचन हनुमान, दुर्गा माता दर्शन पश्चात संध्या गंगा मैया के दशाश्वमेध घाट में गंगा आरती में सहयोग किये। तृतीय दिवस प्रातः गंगा मैया के दशाश्वमेध घाट का सफाई कर गंगा स्नान किया गया प्रातः 10:00 बजे से 5:30 बजे तक समस्त प्रतिभागी ,मास्टर ट्रेनर के द्वारा स्काउटिंग का माइक्रो टीचिंग क्लास संपन्न हुआ चतुर्थ दिवस अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन एवं हनुमान गढ़ी का दर्शन किये।अयोध्या में सरयू स्नान नौकायन पश्चात सारनाथ में बौद्ध स्तूप एवं म्यूजियम का अवलोकन किया गया अंतिम दिवस अयोध्या से विंध्यवासिनी मंदिर में साफ सफाई कार्य करके विंध्यवासिनी माता का दर्शन करके पूरा जत्था छत्तीसगढ़ के लिए प्रस्थान किये, जिला कमिश्नर स्काउट पीसी मैर्कले (डीइओ)बालोद, सचिव केएल गजेंद्र, डीओसी बालोद प्रेमलता चंद्राकर , वरिष्ठ स्काउटर वाईपी गांगुली के मार्गदर्शन में सीमा साहू डीटीसी बालोद एवं वरिष्ठ कब मास्टर भोलाराम साहू डौंडी लोहारा, प्रशिक्षक प्रशिक्षण यात्रा में सम्मिलित होकर के सभी गतिविधियों में भाग लेकर बालोद जिला का प्रतिनिधित्व किये।

## संगीतमय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ आयोजन

# गायत्री जयंती व गंगा दशहरा पर डौंडीलोहारा में हुए विविध संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडी लोहारा में गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर संगीतमय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्रों के माध्यम से देव प्रतिमाओं के सामने दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम में संगीत टोली चन्द्र कुमार लारियावंशी, सेवा राम मंडावी, गिरिवर कोलियारे, विरेन्द्र कुमार साहू,पवन टेभुर्ने उपस्थित थे। कार्यक्रम में दो दीक्षा, तीन विद्यारंभ संस्कार और एक अन्नप्राशन संस्कार हुए। मां गायत्री के संबंध में विस्तार करते हुए वक्ताओं ने कहा कि परमात्मा चेतना का एक अंश गायत्री है, जो प्राण को त्राण करने वाली महाशक्ति है। उन्होंने कहा कि इस कलयुग में नवयुग की गंगोत्री से ज्ञान रूपी गायत्री गंगा का अवतरण करने के लिए इस युग के भागीरथ वेद मूर्ति, तपोनिष्ठ, आचार्य पं श्री राम शर्मा जी ने कठोर त्याग, तपस्या और प्रबल पुरुषार्थ किया। उसके परिणामस्वरूप आज करोड़ व्यक्ति नेक रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित हुए और सुखी समुन्नत जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में भोलाराम साहू, मिलन सिंहा, प्रज्ञानंद बागमरिया, विशंभर बघमरिया, पुराणिक लाल सोरी, गोवर्धन उर्वशा,कुमार सिंह सहारे, नागदंत नेताम, केशव राम कुलदीप ,कैलाश नाथ साहू, पीलू राम साहू, बीरेंद्र साहू, प्रेम लाल सहारा, ओमप्रकाश केसरा,मोहन चंदेल, विदेशी चौहान,तुलसी साहू ,जमुना साहू, रेखा साहू,रेनू चौहान, तेजेश्वरी कंवर, चेतना कंवर ,कौशल्या बघमरिया, वैशाखीन बघमरिया, कुंती सहारे, पद्मिनी सोरी, कमलेश देशमुख, अलखराम देशमुख, जागेश्वर कारते, रोहणी कारते, यशवंत वर्मा,यादराम साहू,मयाराम यदु , उर्मिला साहू श्रद्धा साहू,सुमन साहू,अन्नू चौहान, मनीषा नेताम, सावित्री कंवर,अनुख राम आदि परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

## पेज 11 के शेष

### तंत्र-मंत्र से रकम 20 गुना करने ...

व बैगा पुनाराम ने तंत्र–मत्र व मंत्रोच्चार कर रुपयों को दस गुना ज्यादा करके वापस करने के नाम पर चार लाख 95 हजार रूपए की ठगी कर ले गए। जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेंद्र कुमार हिरवानी को ग्राम कांदुल निवासी रविन्द्र कुमार पिता डोमार सिंह ने अप्रैल 2024 को अपने घर बुलाया। रविन्द्र कुमार के घर जाने पर उसके घर में पहले से ही महावीर मंडावी बैठा था, जो ग्राम खैरबना थाना अर्जुन्दा का रहने वाला है। दोनों आरोपियों ने किसान को लालच देकर कहा कि महावीर मंडावी पैसा को करोड़ों में बनाने का काम करता है। उनके पहचान का कोई तांत्रिक है, जो पूजा पाठ तंत्र मंत्र से पैसा को झरन करता है। दोनों बोले कि बैगा को लाना पड़ेगा। उसके बाद प्रार्थी को 22 अप्रैल 2024 को रविन्द्र ने अपने घर बुलाया, रविन्द्र के घर जाने पर महावीर मंडावी व एक बैगा चोरभट्ठी थाना खरोरा जिला रायपुर निवासी पुनाराम बैठा था और तीनों मिलकर तंत्र-मंत्र करने लगे।

### चमत्कार देख ...

उन्होंने तंत्रमंत्र से रकम को दस गुना करने के लिये पहले 45 हजार रुपए दिए, फिर 26 अप्रैल को रविन्द्र कुमार व महावीर मंडावी ने किसान को कांदुल बुलाया जहां बैगा पुनाराम था, जिसने 4 लाख 50 हजार मांगे और कहा कि इसके बदले 90 लाख रुपए देंगे।

### चार दिन बाद नोट बनाकर देने ...

देकर कर ठगी करने का अहसास होने पर उन्होंने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई।

## खबर संक्षेप



### कुथरेल में हुआ एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**अंडा।** गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में गायत्री जयंती के पावन अवसर पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री परिजनों ने सुबह से ही ध्यान जप साधना व पूजा का कार्यक्रम आरंभ कर दिया गया था। उसके बाद एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। इस अवसर पर शैल दीदी ने गायत्री जयंती, पतित पावनी मां गंगा और परम पूज्य गुरुदेव के महाप्रयाग दिवस पर विशेष संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बताया कि मां गायत्री ही हैं, जो कि व्यक्ति में सद्गुण और सद्प्रवृत्ति को बढ़ाने में सहयोग करती हैं। कार्यक्रम में यशवंत देशमुख, दुलारी देवांगन, संतोष देवांगन, कुंती देशमुख, सुशीला, तुलसी, गायत्री, रश्मि, कचरी, देविका, रोशनी, गीता, गंगा, खोमेश्वरी, जान्हवी एवं प्रेम देशमुख उपस्थित थे।

### देवरी ख में महिला समूह ने चलाया सफाई अभियान




**अंडा।** प्रेरणा स्व सहायता समूह देवरी ख द्वारा गांव में स्कूल खुलने से पहले वहां पर आसपास में फैले कचरे को साफ सफाई की गई। समूह की अध्यक्ष वेदकुमारी, सदस्य वीणा, भूपेशवरी, लता, मालती, सरोज, पदमा, दूरपति सावित्री, सुसीला, सोहद्रीन, राजेसवरी, पूर्णिमा, सोनिया, पदमा, रखमणि, वीणा, दूरपति ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। समूह की अध्यक्ष वेदकुमारी ने कहा कि गांव में साफ-सफाई रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारे शरीर की सफाई करते हैं, उसी तरह गांव के चौराहे, भवन, स्कूल प्रांगण सहित सभी जगह को साफ रखना हमारी जिम्मेदारी है।

### औरी में हुआ गायत्री महायज्ञ



**जामगांव आर।** औरी में दो दिवसीय जनशताब्दी स्वर्ण जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री महायज्ञ, जनशताब्दी संकल्प, दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। परम पूज्य गुरु आचार्य देव परमानंद फिंगेश्वर वाले की टोली द्वारा गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। आयोजन को सफल बनाने में धर्म मर्मज्ञ संतोष शर्मा, प्राचार्य योगेंद्र साहू, रामेश्वरी साहू सहित ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

### एस कुमार ने 19वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** जनपद पंचायत सभापति एस कुमार कलिहारी ने रक्तदान किया। वे अब तक 19वीं बार रक्तदान कर चुके हैं। रक्तदान करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 महीने में रक्त दान करना चाहिए। रक्तदान करने से न केवल जरूरतमंद लोगों का, बल्कि स्वयं के स्वास्थ्य में भी बहुत सारे फायदे होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा रक्तदान कर समाज के लिए उदाहरण बनें।

### आईआईएमएम ने आरजीपीवी को 9 विकेट से हराया

**भिलाई।** डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी में दो लीग मैच खेले गये पहला मैच आईआईएमएम और आरजीपीवी के मध्य खेला गया। आरजीपीवी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। निर्धारित ओवर में आरजीपीवी की टीम ने 4 विकेट खोकर 69 रन बनाए। आरजीपीवी के हेमंत अमारिया ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 30 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली।

**आयोजन : समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर हुआ गुण्डरदेही परिक्षेत्रीय कार्यक्रम**

# बेलहारी में माहेश्वरी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, पूजा-अर्चना कर किया पौधारोपण







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम बेलहारी में गुण्डरदेही परिक्षेत्रीय महेश नवमी का आयोजन किया गया। अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा, प्रदेश सह मंत्री जगदीश चांडक, पूर्व खेल मंत्री शैलेन्द्र, वरिष्ठ समाजसेवी महेश नवमी प्रदेश प्रभारी सत्यनारायण राठी धमतरी, धमतरी माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष गोविंद सोमानी, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील गांधी, सचिव महेश चांडक, पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम राठी, शुभम गांधी, ओमलता राठी मंचासीन रहे। हीरालाल गांधी, धनश्याम राठी, मोहन कांतिलाल, राजकुमार राठी, दिनेश टावरी, मांगीलाल चांडक, कमल किशोर, झंवर, नरेश केला, पृथ्वीराज राठी, राधेश्याम राठी, यादमल गोलछा, दुर्गा देवी चांडक, सुशीला चांडक सहित जैन श्री संघ जामगांव आर के पूरे सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। समाज ने रेणुका राठी सहित समाज के सभी प्रतिभाशाली को मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया। प्रारंभ में शोभायात्रा निकाली गई और अभिषेक-पूजन कर पौधारोपण भी किया गया।

**परहित का ध्यान रखते हुए अपने हित की पूर्ति करें:** महेश नवमी प्रदेश प्रभारी सत्यनारायण राठी ने कहा कि संगठित होकर संस्कारमय परहित का ध्यान रखते हुए स्वयं की हितों की पूर्ति करें, सफलता कदम चूमेगी। धर्म संस्कारमय जीवन बड़ा सरल होता है। जीवन से धर्म की कमी के साथ तनाव व कठिनाइयां घेरने लगती हैं। देश हित में समाज हित में अपना योगदान दे रिटर्न गिफ्ट लाजवाब होगी। उन्होंने कहा कि गुण्डरदेही परिक्षेत्र के 18 गांवों के माहेश्वरी एकजुट होकर प्रतिवर्ष पूर्व चयनित ग्रामों में 25 वर्षों से महेश जयंती मनाते आ रहे हैं। यह संगठन की प्रेरणादाई मिसाल कंठमुक्त सराहनीय है।



### संस्कार मान सम्मान शोहरत दिलाते हैं

प्रदेश सह मंत्री जगदीश चांडक ने कहा कि समाज में संस्कार का बीजारोपण जितना गहरा होगा, उतना ही समाज परिवार हरा भरा होगा, फलेगा-फूलेगा। उन्होंने कहा कि विविध क्षेत्रों में आपका कदम बढ़े, आसमान की ऊंचाई छूने लायक पद प्रतिष्ठा मिल जाए, लेकिन आपका संस्कार से नाता उतना ही गहरा बना रहे, तब आपको मान-सम्मान शोहरत सोने में सुहागा वाली कहावत को चरितार्थ कर पाएगा।

### संतानों को संस्कारयुक्त शिक्षा दें माता-पिता

वरिष्ठ समाजसेवी गौतम चंद चोरड़िया ने कहा कि संस्कारविहीन पढ़ाई के कारण अच्छे ओहदों पर विराजमान बच्चों के माता-पिता को वृद्धाश्रम या जिल्लत भरी जिंदगी नसीब हो, तब शिक्षा माता-पिता के लिए अभिशाप के रूप सामने आती है। समाज ऐसे घृणित वातावरण से अपने संतानों को बचाएं, अपना और संतान का भविष्य संवारें। मनीष जैन ने भी विचार रखे।

### योग्य वर की तलाश में शहर का भ्रम हटाएं, गांवों में शानदार गृहस्थ बसाएं

लेखन कला में प्रतिभा सम्मान से सम्मानित रेणुका राठी ने अपने ससुराल वालों को सम्मान समर्पित करते हुए कहा कि विवाह योग्य बहनें योग्य वर चुनते समय शहर और गांव में भेद नहीं करें। उन्होंने कहा कि गांव और शहर की दूरी को चमचमाती सड़कों और लक्जरी साधनों ने बेमानी कर दिया है। बड़े शहरों के एक कोने से दूसरे कोने की दूरी अनुरूप गांवों की दूरी समान हो चली है। अपने दिलो-दिमाग से शहर का फितूर हटाएं और गांवों के होनहार संस्कारी युवकों को जीवन साथी चुनकर मनमोहक शानदार अपनी गृहस्थ बसाएं। कार्यक्रम का संचालन सौरभ राठी तथा आभार प्रदर्शन अध्यक्ष सुशील गांधी ने किया। सामूहिक साधर्मिक प्रसादी से समाजजन लाभान्वित हुए।

## माहेश्वरी पंचायत ने निकाली शोभायात्रा





**बालोद।** महेश नवमी पर शुक्रवार और शनिवार को माहेश्वरी पंचायत बालोद द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शनिवार को सुबह 8 बजे महावीर गौशाला में गौमाता को गुड़ रोटी का भोग लगाने के बाद 8:30 बजे पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना की गई। सुबह 9 बजे रक्तदान कार्यक्रम में समाज के दर्जनों युवक-युवतियों ने रक्तदान किया। सुबह 10:30 बजे ध्वजारोहण एवं महेश वंदना, आरती एवं महाप्रसादी का कार्यक्रम हुआ। इसी के साथ ही दोपहर 2 बजे वरिष्ठ महिलाओं एवं मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान के साथ देर शाम करीब 7:30 बजे शोभायात्रा गणेश मंदिर से आरंभ होकर जलेश्वर महादेव पहुची जहां महादेव की महाआरती करने के बाद शोभायात्रा माहेश्वरी भवन में समाप्त हुई। शोभायात्रा में समाज के नन्हें बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्गों व महिलाओं सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान पार्थिव शिवलिंग के साथ बाजे-गाजे की धुन पर समाज के युवा थिरकते नजर आए।





### माहेश्वरी समाज के युवाओं ने किया 30 यूनिट रक्तदान

**बालोद।** महेश नवमी के दौरान स्थानीय माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के युवाओं ने 30 युनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल के डॉक्टर अजय साहू, उत्तम टंडन, दिनेश निर्मलकर, किशोर साहू, राजेश साहू, रामनाथ ठाकुर, निवेदिता, कविता साहू की टीम ने सहयोग किया। जिला अस्पताल की टीम का माहेश्वरी समाज द्वारा अभिनंदन किया गया।

### ई बुक लिखने के लिए युवा इंजीनियर मानस सम्मानित

**बालोद।** नगर के युवा इंजीनियर मानस टुवानी द्वारा जावा पर ई बुक लिखने पर माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी उत्सव के दौरान सम्मान किया गया। समाज प्रमुखों ने कहा कि यह एक लीग से हटकर किया गया कार्य है। मानस टुवानी ने बताया कि उनकी बुक, ई बुक है। इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है बुक की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 10 डालर कीमत है, भारत में यह कम मूल्य पर उपलब्ध है, उनके बुक की मांग अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अधिक है।



## महेश नवमी पर गुरूर में हुए विविध कार्यक्रम





**गुरूर।** नगर में माहेश्वरी समाज ने अपनी उत्पत्ति दिवस महेश नवमी धूमधाम से मनाया। विविध कार्यक्रम आयोजन देर रात्रि तक होते रहे। इस दौरान वरिष्ठों, प्रतिभावानों का सम्मान किया गया।

स्थानीय काल भैरव देऊर मंदिर में प्रातः 7 बजे पूजन अभिषेक किया गया। शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान समाज के बच्चों ने भगवान शिव से जुड़े विभिन्न स्वरूपों पर नृत्य प्रस्तुत किया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भगवान महेश से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से बुद्धि कौशल का परीक्षण किया गया। समारोह में प्रतिभावान छात्र दर्शिम भूतड़ा नर्सिंग, सम्राठ राठी, लिखित राठी, हर्षित टावरी, गुमिया टावरी, काव्या चांडक, उर्वी राठी, समृद्धि टावरी, गौरव केला, समर्थ टावरी, खुशबू राठी, प्रेरणा टुवानी, खुशीयाली केला, भूमि राठी, निशिता टावरी, उत्कर्ष टुवानी, चैतन्य टुवानी, कशिश चांडक का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा थीं, अध्यक्षता माहेश्वरी सभा अध्यक्ष गुलाब टावरी ने की। विशेष अतिथि प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के संयुक्त मंत्री ओमप्रकाश टावरी, प्रादेशिक युवा संगठन के कार्यसमिति सदस्य अंकित बजाज थे। वहीं, माहेश्वरी सभा के सचिव स्वरूप राठी, महिला मण्डल अध्यक्ष मंजू टावरी, सचिव ममता टावरी, युवा संगठन अध्यक्ष धीरज माहेश्वरी, सचिव प्रखर टावरी मंचासीन थे। मंच संचालन उत्कर्ष टुवानी व भूमि राठी ने किया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा माहेश्वरी समाज संस्कार, धर्म, मेहनत के क्षेत्र में दूसरों के लिए प्रेरणा देने वाला समाज है। उन्होंने समाज द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम की भी सराहना की। विशेष अतिथि ओमप्रकाश टावरी ने कहा कि समाज को संगठित करना व समाज के निम्न वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना सभी की जिम्मेदारी है। जिला माहेश्वरी सभा कार्यक्रम संयोजक हरीश टुवानी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, परंपरा के साथ संस्कार प्रदान करने का कार्य सभी को करना होगा। वहीं, माहेश्वरी सभा अध्यक्ष गुलाब टावरी ने समाज का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए समाज का भवन बनाने के लिए सामुहिक प्रयास का आग्रह किया। छत्तीसगढ़ प्रादेशिक महिला संगठन की व्यक्तित्व विकास प्रमुख निधि टुवानी ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से बताया कि समाज का कार्य करने वाला हमेशा हीरे की तरह दमकता है। सभा की महिला अध्यक्ष मंजू टावरी व युवा मंडल अध्यक्ष धीरज माहेश्वरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज के बुजुर्ग माता पिता का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया गया, प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में शंकर लाल टावरी, मदन लाल टावरी, चैनसुख केला, मनमोहन टुवानी, ललित टावरी, मनमोहन राठी, संतोश टावरी, भागचंद टावरी, कमल टावरी, राजेश टावरी, स्नेहलता टुवानी, सुवादेवी टावरी, लीलादेवी टावरी, पुष्पलता टुवानी, केशरी बाई भूतड़ा, सरोज बाई गांधी, भोजराज राठी, विमला केला, प्रतिमा टुवानी, ललिता टुवानी, रेणुका टुवानी सहित माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला व युवा मण्डल के सदस्य पदाधिकारी व सामाजिकगण उपस्थित थे।

**बालोद-बेमेतरा और दुर्ग जिल से 168 विद्यार्थी शामिल**

# अभाविप के ग्रीष्मकालीन शिविर में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुर्ग विभाग द्वारा दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन बेमेतरा जिला द्वारा वनाच्छादित क्षेत्र ग्राम मोतीमपुर, सूतियापाठ में किया गया। शिविर में दुर्ग, बेमेतरा, बालोद तीन जिलों से 168 विद्यार्थी शामिल हुए।

शिविर में अभाविप दुर्ग विभाग संयोजक पलाश घोष, कार्यसमिति सदस्य मनोज वैष्णव, सेवार्थ विद्यार्थी संयोजक दुर्गेश वर्मा, दुर्ग जिला संयोजक प्रवीण यादव, बालोद जिला संयोजक मनीषा राणा उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के साथ विभिन्न सत्रों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत योग, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम ट्रैकिंग एवं ग्राम चौपाल लगाकर सर्वेक्षण ग्राम्य जीवन अनुभूति ग्रुप डिस्कशन, कैंप फायर आदि कार्यक्रम शामिल थे। विद्यार्थियों ने भौगोलिक अध्ययन करते हुए 2 किलोमीटर ऊंची सुतियापाठ के पहाड़ों में पैदल चढ़ाई कर हिंगलाज माता के दर्शन किए। ग्राम सर्वेक्षण में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं एवं उनके लाभ, ग्रामीण विकास, उद्योग, खेती किसानी पर भी चर्चा की और रिपोर्ट तैयार की। खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी ग्रामवासी शिविर से लगातार जुड़े रहे। कार्यक्रम के समापन सत्र में अभाविप छत्तीसगढ़ के प्रांत संगठन मंत्री महेश साकेत उपस्थित रहे, समापन सत्र में विद्यार्थियों ने ग्रीष्मकालीन शिविर का अनुभव साझा किया। शिविर के कार्यक्रम प्रमुख एवं बेमेतरा के जिला संयोजक द्वारा कार्यक्रम की तैयारी, व्यवस्था एवं ग्रामवासी द्वारा सहयोग प्राप्त होने पर आभार ज्ञापित किया। व्यवस्था में मुख्य रूप से जिले के कार्यकताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





### जेसीआई ने रक्तदान में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा 170 यूनिट किया दान

**दुर्ग।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन तथा अन्य सम्मानित संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में दुर्ग जिला गवर्नमेंट हॉस्पिटल में ड्रॉप्स ऑफ होप मेगा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर में 170+ रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है